Nai Dunia, 04th April 2017, Page – 01

एनआरआईएफ रैंकिंग में आईआईटी इंदौर 15वें व आईआईएम 10वें नंबर पर

बेहतर रैंक के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट पर फोकस

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

इंदौर की शैक्षणिक संस्थाएं अब रिसर्च और डेवलपमेंट पर ज्यादा फोकस कर रही हैं। यही कारण है कि इस साल एनआरआईएफ रैंकिंग में इन संस्थाओं की रैंकिंग पिछले साल के मुकाबले बेहतर हुई है। इस साल ओवर ऑल रैंकिंग में आईआईटी इंदौर जहां 24वें नंबर पर है, वहीं इंजीनियरिंग कॉलेज की रैंकिंग में इसका स्थान 15वां है। पिछले साल के मुकाबले आईआईटी इंदौर की रैंकिंग में एक स्थान का सुधार हुआ है। वहीं आईआईएम इंदौर ने मैनेजमेंट संस्थानों में पिछले साल की रैंकिंग को बरकरार रखते हुए 10वें पायदान पर अपना कब्जा जमाया हुआ है। इन इंस्टीट्यूट्स के प्रशासन का कहना है कि इसका कारण रिसर्च पर ज्यादा ध्यान देना है, क्योंकि रिसर्च ही किसी संस्थान की तरक्की को सुनिश्चित करती है।

स्टूडेंट्स का खींचेगा ध्यान

आईआईटी इंदौर की पब्लिक रिलेशन ऑफिसर डॉ. मृदुला मेनन ने बताया कि आईआईटी इंदौर नया है और यह लगातार तरक्की कर रहा है। टॉप 15 टेक्नीकल इंस्टीट्यूट में जगह बनाना बताता है कि संस्थान बेहतर कर रहा है। इस रैंकिंग से अब तक जहां स्टूडेंट्स आईआईटी के लिए चेन्नई, रुड़की, मुंबई जैसे संस्थानों को चुनते थे, अब उनका ध्यान इंदौर पर भी होगा। हालांकि पिछले सात-आठ सालों में टॉप 1000 रैंक में जगह बानाने वाले स्टूडेंट्स ने भी मुंबई, चेन्नई, रूड़की को छोड़कर आईआईटी इंदौर का चयन किया है। उन्होंने बताया कि संस्थान का फोकस रिसर्च पर ज्यादा है।

करेंगे और सुधार

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इस साल टॉप 150 यूनिवर्सिटी में अपनी जगह बनाने में सफल रहा, जबकि पिछले साल संस्थान ने इस रैंकिंग के लिए एप्लाई ही नहीं किया था। देअलिवि के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र धाकड़ ने बताया कि एनआरआईएफ रैंकिंग में जगह बनाना बताता है कि विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इस रैंकिंग को और बेहतर करने के लिए रिसर्च के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर और फैकल्टी में और सुधार किया जाएगा, ताकि स्टूडेंट्स को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं दे सकें। हमारा उद्देश्य अगले वर्ष टॉप 100 यूनिवर्सिटी में अपना स्थान बनाना है। इसके साथ इस रैंकिंग के बाद स्टूडेंट्स जहां भी जाएंगे, उन्हें बेहतर अवसर मिलेंगे और उनकी गिनती एक ऐसे संस्थान के स्टूडेंट के तौर पर होगी, जो पूरे भारत में 112वें और मध्यप्रदेश में पहले नंबर पर है।

आंत्रप्रेन्योरशिप बढ़ाने पर जोर

आईआईएम इंदौर की मीडिया कॉर्डिनेटर अनन्या मिश्रा ने बताया कि संस्थान का जोर देश में नए उद्यमी बनाने पर है। इसके लिए संस्थान ने हाल ही में इंक्यूवेशन सेंटर खोला है। साथ ही इस बार पिछले साल के मुकाबले प्लेसमेंट में भी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सीनियर फैकल्टी का कहना है कि हमने एनआरआईएफ रैंकिंग को मेंटेन रखा है, यह इस ओर इशारा करता है कि संस्थान अपनी गुणवत्ता को बनाए हुए है। इस रैंकिंग से स्टूडेंट्स को फायदा मिलेगा। साथ ही संस्थान का जोर रिसर्च, स्टार्टअप के क्षेत्र में और विकास करने का है, ताकि अगले साल रैंकिंग और बेहतर हो सके।

बढ़ रही हैं सुविधाएं

आईआईटी इंदौर का मुख्य फोकस रिसर्च पर है। अगर हम अन्य आईआईटी से तुलना करें, तो यहां पर रिसर्च और पब्लिकेशन बहुत बेहतर है। रैंकिंग सुधरने से हाल ही में जिन स्टूडेंट्स ने जेईई का एग्जाम दिया है, वह इसे अपनी शिक्षा के लिए चुनेंगे। पहले के मुकाबले संस्थान का इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी सुधरी है। यही कारण रहे कि इसकी रैंकिंग बेहतर हुई है और आगे भी और बेहतर होगी।

डॉ. योगेश पांडया
आईआईटीयन

प्रैक्टिकल पर ध्यान

रैंकिंग बरकरार रखने के पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि आईआईएम इंदौर स्टूडेंट्स के प्रैक्टिकल नॉलेज पर ज्यादा ध्यान देता है। हाल ही में इन्क्यूवेशन सेंटर शुरू किया है। जहां पर न हम केवल अपने आइडियाज शेयर कर सकते हैं बल्कि हमारे आइडियाज को सेटअप करने में भी यह मदद करता है।

जैसमीन कौर,
आईटीएम स्टूडेंट

इन पैरामीटर पर हुआ निर्धारण

- टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्स,
- रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस
- ग्रेजुएशन आउटकम
- आउटरीच एंड इन्क्लूसिविटी
- परसेप्शन

टॉप-10 यूनिवर्सिटी

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलुरु
2. जेएनयू, दिल्ली
3. बीएचयू, वाराणसी
4. जवाहर लाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च, बेंगलुरु
5. जादवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता
6. अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई
7. हैदराबाद यूनिवर्सिटी
8. दिल्ली यूनिवर्सिटी
9. अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबतुर
10. सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी, पुणे

टॉप-10 आईआईटी

1. आईआईटी चेन्नई
2. आईआईटी बांबे
3. आईआईटी खडगपुर
4. आईआईटी दिल्ली
5. आईआईटी कानपुर
6. आईआईटी रुड़की
7. आईआईटी गुवाहाटी
8. अन्ना यूनिवर्सिटी
9. जादवपुर यूनिवर्सिटी
10. आईआईटी हैदराबाद

टॉप-10 मैनेजमेंट संस्थान

1. आईआईएम अहमदाबाद
2. आईआईएम बेंगलुरु
3. आईआईएम कोलकाता
4. आईआईएम लखनऊ
5. आईआईएम कोझिकोड
6. आईआईटी दिल्ली
7. आईआईटी खड़गपुर
8. आईआईटी रुड़की
9. जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट जमशेदपुर
10. आईआईएम इंदौर